एफसीआईई की मजबूती के लिए 10 हजार करोड़ मंजूर

कैबिनेट फैसले

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। केंद्र सरकार ने खाद्यान्न की सार्वजनिक खरीद करने वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को वित्तीय तौर पर मजबूत करने का फैसला किया है। इसके तहत एफसीआई में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी पूंजी डालने को मंजूरी दी गई है। पिछले कुछ वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसलों की खरीद बढ़ी है। इसी को देखते हुए सरकार ने एफसीआई को वित्तीय रूप से मजबूत किया है।

पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने किसान-कृषि और सार्वजनिक जन वितरण के महत्व को समझते हुए महत्वपूर्ण फैसले किए गए हैं।

योगी ने जताया आभार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए बड़े फैसलों पर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र द्वारा एफसीआई में 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी निवेश व पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी देने के फैसले की सराहना करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए हैं। उन्होंने अपने एक्स हैंडल के जरिए 2 पोस्ट के माध्यम से पीएम मोदी व केंद्र सरकार के फैसलों पर हर्ष व्यक्त किया।